प्रेषक,

जिला सर्विलान्स अधिकारी
गाजियाबाद

सेवा में,

समस्त कार्यालय अध्यक्ष (सरकारी/निजी)
गाजियाबाद

पत्रांकः— मु0चि0अ0/डेंगू /2023/2312 दिनांक 16.07.2023

विषयः— डेंगू रोग से नियंत्रण एवं बचाव हेतु जनपद के सभी के सरकारी एवं निजी कार्यालयों डेंगू रोग के नियंत्रण एवं बचाव हेतु प्रचार—प्रसार के संबंध में।

महोदय,

वर्तमान में मानसून की औसत से अधिक वर्षा के कारण आने वाले दिनों में गंभीर संक्रामक रोगों जैसे (डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टाइफाइड, स्क्रबटाइफस, लैप्टोपाइरोसिस इत्यादि) बिमारियों के फैलने की प्रबल आशंका है। इन बिमारियों से जीवन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है एवं लापरवाही बरतने पर मृत्यु भी हो सकती है। अतः संचारी रोगों के बचाव एवं नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद द्वारा जारी की जा रही एडवायजरी निम्नवत् हैं—

डेंगू का मच्छर (एडीज) स्वच्छ एवं रूके हुऐ पानी मे पैदा होता है, अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने—अपने कार्यालयों में कूलर के पानी समय—समय बदलते रहें, छत की टंकियों पर ढक्कन अवश्य होना चाहिये। कार्यालय की छत पर बारिश का पानी एकत्रित है, तो उसकी निकासी का उचित प्रबन्धन होना चाहिये एवं कार्यालय की छतों पर खुले में रखे हुए टूटे—फूटे फर्नीचर को ढक दे ताकि उसमें बारिश का पानी एकत्रित न हो एवं इन स्थलों पर एडीज मच्छर को पनपने से रोका जा सके। कार्यालय में खुले में रखे निष्प्रयोज्य सामग्री में पानी एकत्रित न होने दें, जिससे कि इसमे एडीज मच्छर के लार्वा न पनपने पायें। ध्यान रखे कि डेंगू का मच्छर दिन मे काटता है। अतः यथासम्भव फुल स्लीव के ही कपड़े पहने और पैरों को ढक कर रखे। पीने के पानी एवं तरल प्रदार्थो का अत्याधिक सेवन करें। डेंगू बुखार के लक्षण जैसे कि अचानक तेज बुखार एवं तेज सिरदर्द, मांस —पेशियों एवं जोड़ों में भंयकर एवं असहनीय दर्द, आंखों में पीछे तेज दर्द, गम्भीर मामलों में नाक, मसूढ़ों से खून आना इत्यादि डेंगू रोग के लक्षण हो सकते है, बुखार होने पर केवल पैरासिटामोल का उपयोग करें एवं कोई भी अन्य दर्द निवारण दवा जैसे डिस्प्रिन, ब्रूफिन इत्यादि दवाओं का सेवन न करें तथा यथाशीघ्र चिकित्सक से परामर्श कर अपनी जांच करायें। जिला एम0एम0जी0 चिकित्सालय गाजियाबाद परिसर मे स्थित आई0डी0एस0पी0 लैब पर डेंगू, मलेरिया इत्यादि की जांच निशुल्क उपलब्ध है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डासना, लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर, समस्त नगरीय एवं ग्रामीण प्रा0स्वा0केन्द्रों पर डेंगू, मलेरिया की जांच प्रतिदिन निशुल्क उपलब्ध है। जनपद में जिला एम0एम0जी0 चिकित्सालय,जिला महिला चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय,संजयनगर के साथ —साथ समस्त सीएचसी पर डेंगू/मलेरिया उपचार हेतु बैड आरक्षित है।

प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष अपने—अपने कार्यालय में डेंगू रोग से नियंत्रण एवं बचाव हेतु 01 नोडल नामित अवश्यक करें जिससे की डेंगू रोग को फैलने से बचाया जा सके।

भवदीय

जिला सर्विलान्स अधिकारी
गाजियाबाद

पत्रांकः— मु0चि0अ0/डेंगू/2023/2312(1-6) तद्दिनांक

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, संचारी रोग एवं वी0बी0डी0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर निदेशक मलेरिया एवं वी0बी0डी0, उ0प्र0, लखनऊ।
3. अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेरठ मण्डल मेरठ।
4. जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद।
5. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद
6. जिला मलेरिया अधिकारी, गाजियाबाद।

जिला सर्विलान्स अधिकारी
गाजियाबाद